September 4 - Coverage Report: TCS IT Wiz – Indore Edition (Post-event)

**Publication:** Chautha Sansar **Date:** 04/09/2014
**Edition:** Indore **Page No:** 2
**Headline:** Sagar Public School Bhopal win the TCS IT Wiz 2014




# सागर पब्लिक स्कूल भोपाल ने जीता टीसीएस आईटी क्विज 2014

इंदौर। इंदौर के विभिन्न स्कूलों के 600 से ज्यादा छात्रों ने यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम, डीएवीवी यूनिवर्सिटी कैम्पस, खंडवा रोड के पास में आयोजित टीसीएस आईटी क्विज में हिस्सा लिया। भारत के सबसे बड़े अंतर विद्यालयीन आईटी क्विज समारोह-टीसीएस आईटी क्विज का आयोजन आईटी सेवा प्रदाता, सलाहकार और बिजनेस सॉल्यूशंस मुहैया कराने वाली कंपनी टीसीएस द्वारा किया जाता है।

दिलचस्प क्षेत्रीय फाइनल मुकाबलों के बाद सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर, भोपाल के अदित्या नायर और आयुष सोंगरा ने खिताब जीता। इस साल के क्षेत्रीय विजेता टीम के हर सदस्य को आईपैड एयर दिया गया जबकि उपविजेता रहे सेंट अर्नाल्ड्स हायर सेकंडरी स्कूल विजय नगर इंदौर के शीवांश बेहोर और आर्यान दास आईपैड मिनी हासिल करने में कामयाब रहे। इसके साथ उन्हें मैडल और विशेष रूप से तैयार की गई ट्राफी भी दी गई। अँतिम 6 प्रतियोगियों को टीसीएस की ओर से इस श्रंखला में स्पेस पैक, सिपर्स, इयरफोन, यूएसबी पेन ड्राइव, स्पीकर जैसे अन्य इनाम दिए गए।

पुरस्कारों का वितरण प्रोफेसर ऋषिकेश, डायरेक्टर और प्रोफेसर, स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट इंदौर ने टीसीएस आईओएन के उपाध्यक्ष एवं वैश्विक प्रमुख वेंगुस्वामी रामास्वामी ने किया।

बुद्धिमत्तापूर्ण और रोचक सवालों के जरिए टीसीएस आईटी क्विज ने क्विजिंग की दुनिया में एक आयाम स्थापित किया है इसके साथ ही इस क्विज में सॉफ्टवेयर आधारित राउंड, गैमिफिकेशन और एनिमेशन जैसे तकनीकी अवधारणाओं का भी इस्तेमाल किया जाता है।